बिहार में बन रहा देश का दूसरा सबसे बड़ा हड्डी अस्पताल

चर्चा में क्यों?

29 जून, 2023 को बिहार की राजधानी पटना के राजवंशीनगर में स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण (एलएनजेपी) हड्डी अस्पताल के निदेशक डॉ. सुभाष चंद्रा ने बताया कि हड्डी रोगियों के लिये बेड की कमी के मद्देनज़र पटना में देश के दूसरे सबसे बड़े हड्डी अस्पताल का निर्माण शुरू हो गया है, यह अस्पताल 400 बेड का होगा।

प्रमुख बिंदु

- राजधानी पटना के राजवंशीनगर में स्थित एलएनजेपी हड्डी अस्पताल में 400 बेड के अस्पताल के अलावा एक स्पाइन अस्पताल का भी निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। ऐसे में अब मरीजों को एलएनजेपी अस्पताल में ही सुपर स्पेशलिटी सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी।
- इसके बनने के बाद मरीजों को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा, क्योंकि अब यहाँ एक छत के नीचे सभी तरह की आधुनिक सुविधाएँ मिलेंगी। जाँच से लेकर इलाज व ऑपरेशन सभी निःशुल्क किया जाएगा।
- विदित है कि अस्पताल के शिलान्यास के करीब दो साल बाद निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। दो बार टेंडर निकाला गया, लेकिन गड़बड़ियों के कारण दोनों बार टेंडर बीएमआईसीएल की ओर से रद्द कर दिया गया।
- उल्लेखनीय है कि राज्य का यह पहला और देश का दूसरा सबसे बड़ा हड्डी और स्पाइन का अस्पताल होगा। इससे बड़ा हरियाणा के गुरुग्राम में 400 से अधिक बेड वाला एक हॉस्पिटल है, जहाँ सिर्फ हड्डी और स्पाइन की इलाज की सुविधा है।
- नये अस्पताल में एक छत के नीचे सभी तरह की सुविधाएँ मरीजों को मिलेंगी। यहाँ मॉड्यूलर ओटी, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्स-रे मशीन, एमआरआई, मैमोग्राफी समेत फिजियोथेरेपी के लिये आधुनिक उपकरण जैसे शार्टवेब डायथर्मी, माइक्रोवेव डायथर्मी आदि की व्यवस्था होगी।
- अस्पताल का भवन निर्माण कैंपस में उपलब्ध ज़मीन पर ही होगा। इसका निर्माण कुल 3,39551 वर्गफुट में होगा। इसके निर्माण पर 215 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/country-s-second-largest-bone-hospital-is-being-built-in-bihar